॥ इटावा पुलिस ॥

प्रेस नोट- दिनांक 23.04.2026

- इटावा पुलिस द्वारा विगत 24 घंटे मे प्रभावी कार्यवाही।
- अवैध खनन/परिवहन, ओवरलोडिंग, बिना वैध प्रपत्र/परमिट के संचालन एवं बिना नम्बर प्लेट/कालिख लगी नम्बर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान।
- इटावा पुलिस द्वारा 60 ट्रक/डम्पर का चालान एवं 44 डम्पर/ट्रक सीज तथा 52,07,500/- रु0 शमन शुल्क ।
- अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, एसएसपी इटावा के पर्यवेक्षण मे नगर सर्किल, जसवन्तनगर सर्किल, सैफई सर्किल, भरथना सर्किल, चकरनगर सर्किल के विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत की गयी प्रभावी कार्यवाही।

संक्षिप्त विवरणः-

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा अवैध खनन/परिवहन, बिना वैध प्रपत्र/परमिट के संचालन करने वाले एवं बिना नम्बर प्लेट/कालिख लगी नम्बर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत जनपद पुलिस द्वारा राजस्व विभाग एवं परिवहन विभाग (RTO) के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त कार्यवाही की जा रही है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

इसी क्रम में आज दिनांक 23.04.2026 को **अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री श्रीश चन्द्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) श्री अभयनाथ त्रिपाठी** के नेतृत्व में

- **थाना बकेवर** क्षेत्रान्तर्गत कुल **35 डम्पर/ट्रक सीज** तथा **45,00,000/- रुपये शमन शुल्क**।
- **थाना जसवन्तनगर** क्षेत्रान्तर्गत 08 **वाहनों का चालान, 04 वाहन सीज तथा ₹2,00,000/- शमन शुल्क**।
- **थाना बलरई** क्षेत्रान्तर्गत **13 डम्पर/ट्रक का चालान, 01 डंपर सीज तथा 2,25,000/- रुपये शमन शुल्क**।
- **थाना पछायगांव** क्षेत्रान्तर्गत **12 डम्पर/ ट्रक का चालान, 02 डंपर/ट्रक सीज कुल ₹87,500/- शमन शुल्क**
- **थाना बसरेहर** क्षेत्रान्तर्गत **15 डम्पर/ ट्रक चालान कुल ₹1,00,000/- शमन शुल्क**।
- **थाना बैदपुरा** क्षेत्रान्तर्गत **कुल 10 डम्पर/ट्रक का चालान** व **01 डम्पर सीज कुल 61,000/- शमन शुल्क**।
- **थाना चकरनगर** क्षेत्रान्तर्गत **02 डम्पर/ ट्रक का चालान, 01 ट्रक/डम्पर सीज कुल ₹34,000/- शमन शुल्क**

अपीलः- इटावा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि बिना वैध प्रपत्र/परमिट के वाहन संचालन न करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, जिससे प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।